रायपुर में होगा अंतर्राष्ट्रीय कृषि मड़ई 'एग्री कार्नविल 2022' का आयोजन

चर्चा में क्यों?

11 अक्टूबर, 2022 को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क एवं सूचना विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय कृषि मड़ई 'एग्री कार्नविल 2022' का आयोजन 14 से 18 अक्टूबर तक किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किये जा रहे एग्री कार्नविल में अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के कृषि संस्थानों के निदेशक, कृषि वैज्ञानिक, विभिन्न कृषि उत्पाद निर्माता कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी, स्टार्टअप्स उद्यमी एवं बड़ी संख्या में प्रगतिशील कृषक शामिल होंगे।
- इस अवसर पर एक बृहद् अंतर्राष्ट्रीय कृषि मेले सह प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। एग्री कार्नविल के दौरान प्रत्येक दिन कृषकों, छात्रों एवं आम नागरिकों के लिये विश्वविद्यालय के अनुसंधान प्रक्षेत्र में उगाई जा रही फसलों एवं कृषि प्रदर्शनी का भ्रमण आयोजित किया जाएगा।
- अंतर्राष्ट्रीय कृषि मड़ई 'एग्री कार्नविल 2022' को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा राज्य शासन के कृषि विभाग, छत्तीसगढ़ बायोटेक्नोलॉजी प्रमोशन सोसायटी, अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, फिलीपींस, नाबार्ड, कंसल्टेटिव ग्रुप ऑफ इन्टरनेशनल एग्रीकल्चरल रिसर्च, कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा), एनएबीएल तथा अन्य संस्थाओं के सहयोग से आयोजित किया जाएगा।
- पाँच दिवसीय कृषि मड़ई के दौरान विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे, जिनमें कृषि उपज निर्यात बढ़ाने हेतु क्रेता-विक्रेता सम्मेलन, नवाचार स्टार्टअप्स एवं उद्यमिता पर कार्यशाला, लघु वनोपज के प्रसंस्करण एवं निर्यात पर संगोष्ठी, जैव विविधता संरक्षण एवं कृषक प्रजातियों के पंजीयन हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला, परीक्षण प्रयोगशालाओं की मान्यताओं हेतु एनएबीएल द्वारा प्रशिक्षण, फसल प्रजनन आधुनिकीकरण एवं डिजिटिलीकरण आदि प्रमुख हैं।
- कृषि मड़ई में फसलों की नई किस्में, अधिक आय देने वाली वैकल्पिक फसलें, नवीन कृषि प्रौद्योगिकी, प्राकृतिक एवं जैविक कृषि, जैव उर्वरक एवं जैव कीटनाशक, पशु पालन, मछली पालन एवं चारा उत्पादन, समन्वित फसल पोषक तत्त्व तथा कीट एवं बीमारी प्रबंधन, मृदा उर्वरता एवं मृदा स्वास्थ्य, वर्षा जल प्रबंधन एवं भू-जल संवर्धन, संरक्षित खेती, उन्नतशील कृषि यंत्र प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन आदि के संबंध में विषय-विशेषज्ञ वैज्ञानिकों द्वारा जानकारी दी जाएगी। इस दौरान कृषि आधारित स्टार्टअप्स के सफल उद्यमियों द्वारा नवीन स्टार्टअप्स स्थापित करने के इच्छुक युवाओं को मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा।
- अंतर्राष्ट्रीय कृषि मड़ई में लगभग 20 हज़ार किसानों के शामिल होने की संभावना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-agricultural-farm-agri-carnival-2022-will-be-organized-in-raipur